पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन ने स्पष्ट किया

लखनऊः 31 अक्टूबर, 2015

सामान्य तौर पर शपथ ग्रहण समारोह समाप्त होने के पश्चात् राष्ट्रगान की धुन बजाये जाने की परम्परा है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राजभवन में आयोजित आज के शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रीय एकता की भी शपथ दिलाई जानी थी। चूंकि ऐसा अवसर पहली बार था इसलिए तालमेल की तकनीकी चूक हुई। राष्ट्रगान को बीच में रोकने की कोई मंशा नहीं थी बल्कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में हुई भूल सुधारने की दृष्टि से ऐसा किया गया था।